xt]

## न्यायालय जिला कलक्टर, भरतपुर

**वेध प्रार्थना पत्र संख्या / 57 / 2020**

बी0आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर जरिये मालिकः–

1– प्रेमचन्द गोयल पुत्र स्व0 बद्री प्रसाद गोयल } जाति वैश्य निवासी 212 संतोषी सदन मथुरा
2– जयकुमार गोयल पुत्र स्व0 सन्तोषीलाल } गेट कस्बा भरतपुर, तह0 व जिला भरतपुर ।

....... **प्रार्थी0**

**बनाम**

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार,भरतपुर ।

.........**अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 399 भू–राजस्व नियम,1957**

**उपस्थित :**

1–श्री पंकज कुमार, अभिभाषक अपीलाण्ट।
2–राजकीय अभिभाषक।

**निर्णय** **दिनांक 02.03.2021**

प्रार्थीगण द्वारा यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 399 भू–राजस्व नियम, 1957 इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थीगण बी0आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर के मालिक हैं। बी0 आर0 ऑयल मिल्स ने साविक खसरा नम्बर 1880 रकवा 02 बीघा 4 बिस्वा चक नम्बर 2 भरतपुर को जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 16.01.1974 को रमेशचन्द पुत्र नत्थीलाल से किया। उक्त वयनामा के आधार पर दाखिल खारिज संख्या 1583 दिनांक 22.10.1974 बी0 आर0 ऑयल मिल्स के नाम से मंजूर हुआ है, जिसका अमल जमावंदी संवत 2034–37 में किया गया है। किन्तु जमाबंदी संवत 2034–37 में अमल करते समय पटवारी हल्का ने बी0 आर0 ऑयल मिल्स के बजाय बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड कर दिया, इस कारण साविक खसरा नम्बर 1880 की जमाबंदी 2034–37 में के रूप में दर्ज हो गया। सैटिलमेंट विभाग बंदोवस्त के दौरान साविक खसरा बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड नम्बर 1880 के नये नम्बर 413 रकवा 0.26 व 414 रकवा 0.10 निर्मित किये गए व खातेदार के रूप में बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड का नाम साविक रिकार्ड के अनुसार बदस्तूर रखा जो वर्तमान तक कायम है। दाखिल खारिज संख्या 1583 का जो अमल जमावंदी में सही नहीं किया गया है और बी0 आर0 ऑयल मिल्स के स्थान

जिला कलक्टर
भरतपुर (राज0

ype text]

पर बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड कर दिया है। उक्त आराजी को रहन रखने, विक्रय करने व अन्य जरूरी कार्यो के उपयोग के लिए प्रार्थीगण को काफी परेशानी हो रही है। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड के स्थान पर बी0 आर0 ऑयल मिल्स राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने की प्रार्थना की गई है ।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पो. की तलबी की गई। योग्य अभिभाषक उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

अपीलाण्ट के योग्य अभिभाषक ने अपील में वर्णित तथ्यों को ही दोहराते हुए कथन किया है कि बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर ने साविक खसरा नम्बर 1880 रकवा 02 बीघा 4 बिस्वा चक नम्बर 2 भरतपुर को जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 16.01.1974 को रमेशचन्द पुत्र नत्थीलाल से किया। जिसका नामान्तकरण संख्या 1583 दिनांक 22.10.1974 बी0 आर0 ऑयल मिल्स के नाम से ही स्वीकार किया गया किन्तु जमावंदी संवत 2034-37 में बी0 आर0 ऑयल मिल्स के स्थान पर बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड गलत दर्ज कर दिया गया तभी से ताहाल तक बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड ही राजस्व रिकार्ड में अंकित होता चला रहा है। गलत इन्द्राजों से प्रार्थीगण को आराजी पर ऋण लेने अथवा इसे विक्रय आदि करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अपीलाण्ट के अभिभाषक ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड के स्थान पर बी0 आर0 ऑयल मिल्स राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने किये जाने की प्रार्थना अपनी बहस में की गई है ।

राजकीय अभिभाषक ने अपने कथनों में जाहिर किया कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र रिकार्ड से सम्बन्धित है, जिसकी जांच कराया जाना उचित होगा ।

हमने योग्य अभिभाषक उभय पक्ष के कथनों पर गौर किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं तहसीलदार भरतपुर से प्राप्त रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन किया। तहसीलदार भरतपुर ने अपनी रिपोर्ट कमांक 799 दिनांक 02.02.2021 में अंकित किया है कि " पंजीकृत वयनामा बुक न0 1 जिल्द नम्बर 41 कमांक 56 पेज 393-394 दिनांक 16.01.1974 से रमेश पुत्र नत्थीलाल जाति वैश्य भरतपुर मौहल्ला मथुरा दरवाजा भरतपुर आराजी खसरा नम्बर 1880 रकबा 2 बीघा 4 बिस्वा को खरीददार मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर को विक्रय किया है। दाखिल खारिज संख्या 1583 कस्बा भरतपुर चक न0 02 में दिनांक 22.10.1974 में मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर खातेदार दर्ज है। कस्बा भरतपुर चक न0 3 की जमाबंदी सम्वत् 2034-37 में मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड भरतपुर खातेदार खसरा नम्बर 1880 रकवा 2 बीघा 4 बिस्वा दर्ज है। मिलान क्षेत्रफल में साविक खसरा नम्बर 1880 मिन 2 बीघा 4 बिस्वा से हाल मिसिल बंदोबस्त की खाता संख्या 204 खसरा नम्बर 413, 414 किता 2 रकबा 0.36 पर मैरार्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड भरतपुर खातेदार दर्ज है। हाल

जिला कलक्टर
भरतपुर (राज0)

pe text]

जमाबंदी कस्बा भरतपुर चक न0 3 सम्वत् 2072–75 के खाता संख्या 290 खसरा नम्बर 413, 414 किता 2 रकबा 0.36 पर मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स लिमिटेड भरतपुर हिस्सा पूर्ण संस्था दर्ज है। मौके पर उक्त आराजी खसरा नम्बर 413, 414 खाली है ''।

इस प्रकार पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड एवं तहसीलदार भरतपुर की रिपोर्ट से यह सिद्ध हो जाता है कि मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर ने उक्त विवादित आराजी रमेश पुत्र नत्थीलाल जाति वैश्य भरतपुर मौहल्ला मथुरा दरवाजा भरतपुर से जरिये रजिस्टर्ड वयनामा कय की है। तत्पश्चात आराजी की बावत नामान्तकरण संख्या 1583 दिनांक 22.10.1974 भी मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर के नाम से स्वीकृत हुआ है किन्तु जमाबंदी में मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स लि0 भरतपुर के नाम अमल होने से वर्तमान तक इसी नाम के इन्द्राज राजस्व रिकार्ड में चले आ रहे हैं, जो लिपिकीय त्रुटि होना प्रतीत होता है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य पाते हैं।

**अतः आदेश है कि :–**

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र नियम 399 भू–राजस्व नियम, 1957 स्वीकार किया जाता है। वाके कस्बा भरतपुर चक नं0 3 स्थित हाल आराजी खसरा नम्बरा 413, 414 पर हाल राजस्व रिकार्ड में मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स लि0 भरतपुर के स्थान पर मैसर्स बी0 आर0 ऑयल मिल्स भरतपुर दर्ज करने के आदेश दिए जाते हैं।

निर्णय आज दिनांक 02.03.2021 को सुनाया गया।

(नथमल डिडेल)
जिला कलक्टर
भरतपुर